जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

5 फ़रवरी 2024

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया के छात्र मुन्ना खालिद का विश्व पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में हुआ चयन

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के पी. एच. डी के छात्र मुन्ना खालिद का विश्व पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 में चयन हुआ है । विश्व पैरा बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 थाईलैंड के पटाया शहर में दिनांक 20-25 फरवरी 2024 को होने जा रही है । इस प्रतियोगिता में विश्व रैंकिंग के आधार पर केवल 32 खिलाड़ी ही भाग ले सकते हैं और बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन द्वारा इसी आधार पर खालिद का चयन किया है ।

हाल ही में दिसंबर 2023 में मुन्ना खालिद ने *खेलो इंडिया पैरा गेम्स 2023* में कांस्य पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता का आयोजन, भारतीय खेल प्राधिकरण, भारत सरकार द्वारा पहली बार किया गया था ।

मुन्ना खालिद दिल्ली के एकमात्र ऐसे बैडमिंटन खिलाड़ी हैं जिन्होंने पैरा बैडमिंटन में दिल्ली के साथ -साथ देश का भी नाम रोशन किया है तथा वह अब दिल्ली के एकमात्र ऐसे खिलाड़ी बन गए हैं जिनका चयन विश्व चैंपियनशिप में हुआ है । खालिद का सपना आने वाले एशियाई खेलों व पैरालिंपिक में देश, राज्य और जामिया का नाम रोशन करना हैं ।

मुन्ना खालिद जामिया मिल्लिया इस्लामिया से हिंदी साहित्य में पी. एच. डी के छात्र हैं। इससे पहले मुन्ना खालिद ने जामिया मिल्लिया इस्लामिया से बी. ए (ऑनर्स), एम.एस.डब्ल्यू एवम एम. ए हिंदी किया है।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया